an>

Title: Issue regarding problems faced by onion growers in Dindori Parliamentary Constituency, Maharashtra.

DR. BHARATI PRAVIN PAWAR (DINDORI): Hon. Speaker Sir, thank you so much for giving me this opportunity.

सर, मैं दिन्डोरी महाराष्ट्र से हूं । मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी में प्याज उत्पादकों की समस्या की तरफ दिलाना चाहूंगी । प्याज उत्पादन में आज किसानों को प्याज की बुवाई, सिंचाई, कटाई, बिजली एवं अन्य कार्यों में भारी लागत का सामना करना पड़ रहा है । प्याज के उत्पादन में लागत ज्यादा और प्याज की कीमत कम मिल रही है, जिसकी वज़ह से प्याज का उत्पादन घाटे का सौदा हो गया है । अनेक वर्षों से, मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी और नासिक जिले में आवश्यकता के हिसाब से कम बरसात होने से हर साल सूखा पड़ रहा है, जिसके कारण प्याज उत्पादकों को प्याज का काम उत्पादन होने के कारण उनकी मेहनत का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है । प्याज उत्पादन के लिए प्याज उत्पादक विभिन्न एजेंसियों से लोन लेते रहते हैं, परन्तु प्याज की सही कीमत नहीं मिलने से लोन को वापस करने में उन्हें काफी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं ।

महोदय, सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार प्याज के उत्पादक किसानों को प्याज के लिए कम से कम दो हजार रुपये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करके प्याज उत्पादक किसानों के परिवारों को राहत प्रदान करे ।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. भारती प्रवीण पवार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।